## एक नजर में

### देवनारायण मंदिर पर प्रांगण में लगाए पौधे



**भौरासा।** भौरासा ग्राम पंचायत पांदा जागीर की पहाड़ी पर स्थित भगवान श्री देवनारायण मंदिर प्रांगण में अलग-अलग प्रकार के कई पौधों का लक्ष्य लेकर चल रहे ग्राम वासियों ने आज से एक पौधा मां के नाम की शुरुआत की तरह-तरह के 151 पौधों का वृक्षारोपण किया,जाएगा जिससे कि प्रकृति को सुंदर बनाने कार्य पौधे लगाकर इन्हें एक बड़े वृक्ष का रूप देकर के अपना कर्तव्य हमें निभाना है इस अवसर पर वन समिति के अध्यक्ष दिलीप सिंह दरबार ,देवनारायण समिति के अध्यक्ष प्रेम नारायण सेठ,परबतसिंह चौधरी रवि पटेल,राहुल गुर्जर,राजेश गुर्जर,कमलसिंह गुर्जर,गोपाल पण्डाजी,बाबूलाल गुर्जर,मंदरूपसिंह चौधरी के द्वारा किया गया।

### एक पौधा मां के नाम अंबा माता मंदिर प्रांगण में लगाया

**भोरासा ।** भोरासा के समीप ग्राम खुर्द पिपलिया में एक पौधा मां के नाम वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत जिला अध्यक्ष श्री रायसिंह सेन्धव के आवाहन पर विधायक डॉ राजेश सोनकर के मार्गदर्शन में सोनकच्छ ग्रामीण मंडल के ग्राम खुर्द पिपलिया में अंबे माता मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया एवं पौधा वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें कई प्रकार के फलदार पौधे एवं फूलों के पौधे वितरण भी किए गए इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष जीवन सिंह राजपूत के नेतृत्व में हुआ इस अवसर पर राजपूत ने बताया कि हमारा लक्ष्य केवल एक ही पौधा लगाने का नहीं है हमारा लक्ष्य 101 पौधे लगाने का है वही एक पौधा मां के नाम गरिमापूर्ण वृक्षारोपण कार्यक्रम में इस अवसर पर बाबू सिंह पटेल,ग्राम पंचायत सरपंच महिपाल सिंह राजपूत,मानसिह राजपूत,लाखन सिंह राजपूत,अनिल सिंह राजपूत,राकेश सिंह बैंस,गजराज सिंह बेस भगवान सिंह बेस आदि वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।



### बघेल की सेवानिवृत्ति पर किया सम्मान



**देवास।** जिला परिवहन कार्यालय देवास में पदस्थ आरटीआई किशोर सिंह बघेल की सेवानिवृत पर जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान एवं यातायात सलाहकार समिति जिलाध्यक्ष यशवंत तिवारी एवं समिति सदस्यों द्वारा पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया एवं पौधा भेंट कर उनके स्वस्थ जीवन की कामना की ।

### वन विभाग ने अवैध लकड़ी रखने पर आरामशीन सील की



**देवास।** 02 अगस्त को वन मंडल अधिकार अमित सिंह चौहान के रोस्टर अनुसार ग्राम भौरासा में नारायण पिता प्यारेलाल पटेल की आरामशीन के निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से काष्ठ का संग्रहण पाया गया। संचालक द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेश चौहान व परिक्षेत्र सहायक टोकखुर्द हेमराज गोखले, बीट गार्ड अंकित मालवीय, वनरक्षक मनोज मंडलोई, अंकित खत्री, राजेश चौहान, अंकित मंडलोई, दिनेश चौधरी के द्वारा आरामशीन सील करने की कार्यवाही की ।

### आज निकलेगी कावड़ यात्रा

**देवास।** राजाराम नगर गणेश मंदिर परिसर में समिति सदस्य बाबूलाल पवार द्वारा श्रीरामकथा रामायण पाठ किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन कालोनी के रहवासी उपस्थित होकर रामायण पाठ का श्रवण कर रहे हैं। समति सदस्यों द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा की जा रही है जिसमें निशुल्क चाय का वितरण समिति सदस्य राजेन्द्र राठौर द्वारा किया जाता है। रघुनंदन मुकाती द्वारा प्रसाद एवं पंचामृत का सहयोग किया जा रहा है। श्री पंवार ने बताया कि मुकेश जैन के सहयोग से आज रविवार को सुबह 10 बजे बोल बम कावड यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। कावड़ यात्रा सुबह 10 बजे गणेश मंदिर से प्रारंभ होगी तथा मेंढकी गांव पहुंचकर भगवान जिनेश्वर महादेव मंदिर में बाबा का जलाभिषेक करेगी। समिति सदस्य पं. सत्येन्द्र शर्मा अशोक चौधरी, रघुनंदन मुकाती, रमेशचंद्र पारनिया, नवीन दुबे, राजेन्द्र चौधरी, कैलाश मालवीय, शिवाजी जाधव, दयाराम निगम, सुनील जैन, मोहनसिंह रघुवंशी, कर्णसिंह दरबार, बी.एस.खत्री, जयनारायण उपाध्याय, अशोक झाला, ओमप्रकाश माहेश्वरी, योगेश्वर द्विवेदी, विनोद मुकाती, सुभाष परमार ने सभी धर्मप्रेमी जनता से कावड़ यात्रा एवं श्रीरामायण पाठ में पधारने का अनुरोध किया है।

### कर्नाटक में सम्मानित हुए लियाकत मिलन



**देवास।** के,एल,ई, संस्था के कार्याध्यक्ष डॉ, प्रभाकर आण्णा कोरे के 78 वे जन्म दिन पर 1 अगस्त 2025 को अनेक प्रांतो के नामवर महिला एवं पुरुष पहलवानों के 78 कुश्ती के मुकाबले करवाए गए। आयोजन में देश के नामवर पहलवानों ने भाग लिया। इस अवसर पर देवास शहर के हाजी लियाकत हुसैन मिलन को आयोजन में विशेष आमंत्रित किया गया था, लियाकत हुसैन मिलन द्वारा कुश्ती खेल में अपना अहम एवं महात्व पुर्ण योगदान के लिए लियाकत हुसैन मिलन को डॉ, प्रभाकर के,एल,ई,संस्था के कार्याध्यक्ष एवं रतनमठपति पहलवान द्वारा साफा बंधवाकर, पुष्प फुल का गुलदस्ता भेंट कर एवं विशेष ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया गया।

# देवास में मासूम भाई-बहन की रहस्यमयी मौत

**सुबह नींद से नहीं जागे दोनों बच्चे मां की चीख से दहल उठा मोहल्ला**

**देवास।** शहर के ढांचा भवन इलाके में एक मां ने अपने दो मासूम बच्चों को हमेशा के लिए खो दिया। तीन साल की बच्ची निशा और सात साल का हेमंत—दोनों भाई-बहन रात को सोए, लेकिन सुबह नहीं जागे। बच्चों की मां प्रिया यादव का रो-रो कर बुरा हाल है। उसने बताया कि रात को सब कुछ सामान्य था। पड़ोस में रहने वाले एक बच्चे का जन्मदिन मनाकर घर लौटी थी। बच्चों को खाना खिलाया और फिर सो गए। लेकिन सुबह जब उठाने गई, तो दोनों बिल्कुल भी हिले-डुले नहीं।

घबराकर तुरंत पड़ोसियों को बुलाया गया। बच्चे को पहले संस्कार हॉस्पिटल ले जाया गया, फिर जिला अस्पताल, लेकिन डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। प्रिया यादव मूलतः मथुरा की रहने वाली है। कुछ साल पहले उसने विष्णु कटारा नाम के युवक से प्रेम विवाह किया था, जो भिंड मुरैना का रहने वाला है। कुछ समय बाद दोनों अलग हो गए। इसके बाद प्रिया पीथमपुर में नौकरी करने लगी, और करीब एक महीने पहले




देवास आकर रहने लगी। वह ढांचा भवन क्षेत्र में विक्की जगदाले के मकान में किराए से रह रही थी और यहां नौकरी की तलाश में आई थी। पड़ोस में रहने वाली महिला रीना ने बताया कि सुबह करीब 7 बजे प्रिया ने बताया कि बच्चे नहीं उठ रहे हैं।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मौत की असली वजह क्या है—यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। लेकिन एक मां के लिए यह ग़म शायद कभी नहीं मिट पाएगा। दो फूल जो अभी ठीक से खिले भी नहीं थे, अचानक मुरझा गए। अब पूरे मोहल्ले में सन्नाटा है, और सवाल यही—क्या ये सिर्फ़ एक हादसा था या कुछ और?

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतवास में सेक्टर बैठक



**कन्नौद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतवास में सेक्टर सतवास के अधिकारी कर्मचारियों की समीक्षा बैठक मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी कन्नौद डॉक्टर लोकेश मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई डॉक्टर लोकेश मीणा के द्वारा टीकाकरण, युवींन पोर्टल, दस्तक अभियान ,परिवार कल्याण, मलेरिया, ऐनसीडी, हाई रिस्क प्रेगनेंसी का चिन्हकन, अनमोल पोर्टल, टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम, आयुष्मान कार्ड आदि कार्यक्रमों की समीक्षा उप स्वास्थ्य केंद्रवार कर, शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति करने के निर्देश दिए गए द्य सेक्टर बैठक में बी.ई.ई. दिनेश साहू, सेक्टर सुपरवाइजर बनवारी लाल मालाकार सेक्टर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, एएनएम, आशा सुपरवाइजर एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रगति समिति की वर्ष 2025-26 की वार्षिक आमसभा का आयोजन




**उदयनगर।** 2 अगस्त 2025 को पुंजापुरा के मंडी प्रांगण में उदयनगर प्रगति समिति की वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया जिसमें 180 स्वयं सहायता समूह की करीब 2200 महिलासओं ने भाग लिया। वार्षिक आमसभा का मुख्य उद्देश्य वर्षभर में की गई गतिविधियों और उदयनगर प्रगति समिति का वर्ष 2024-25 का लेखा जोखा सभी समूह सदस्यों के सामने रखना था, साथ ही वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। वार्षिक आमसभा में उदयनगर प्रगति समिति की नई कार्यकारिणी का चुनाव भी सभी समूहों को करना था, जिसमे सर्व सहमति से रेखा बाई देवनालियाको समिति का नया अध्यक्ष और फूल बाई मेहँदीखेड़ा को सचिव , राधा बाई कटुकया को कोषाध्यक्ष, कृष्णा बाई बोरखेड़ी को उपाध्यक्ष , सुनीता बाई पिपरी सहसचिव को नई कारिणी में समूह की दीदियों ने चुनाव किया। वित्तीय वर्ष 2025-26 के वित्तीय अंकेक्षण के लिए जाहिर मंसूरी एंड संस् को निश्चित किया। कार्यक्रम में उदयनगर थाना प्रभारी सुनीता कटारा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर सभी महिलाओं को वर्तमान में समाज मे व्याप्त कुरीतियो से अवगत कराया और विशेष रूप से सायबर क्राइम के बारे में बताया।समाज प्रगति सहयोग के संस्थापक सदस्य निवेदिता बैनर्जी, रंगु राव, शौभित जैन शामिल हुए। कार्यक्रम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ इंडिया के ब्रांच मैनेजर साहब भी शामिल हुए। कार्यक्रम मे उपस्थित सभी समूह सदस्यों और मंच पर उपस्थित मेहमानों ने नई कार्यकारिणी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। संचालन समिति की सहयोगी मोहिनी पाटीदार ने और आभार संस्था के वर्तमान सचिव शिरीष योगी ने माना। उक्त जानकारी से संस्था के सहयोगी नरेंद्र सिंह पटेल ने दी।

## ना.वि.मं. में जिला स्तरीय टूरिज्म क्विज प्रतियोगिता

**दो चरणों में संपन्न हुई प्रतियोगिता**

**देवास।** स्थानीय श्री नारायण विद्या मंदिर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक देवास में विगत दिवस जिला स्तरीय टूरिज्म क्विज प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में देवास जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के 303 बच्चे इस प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। इन छात्र-छात्राओं के साथ इन विद्यालयों के 101 शिक्षक उपस्थित रहे। संस्था के प्राचार्य एवं क्विज के नोडल अधिकारी के के मिश्रा ने बताया कि यह प्रतियोगिता हर साल टूरिज्म बोर्ड एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित की जाती है। इस वर्ष यह प्रतियोगिता जिला कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में नारायण विद्या मंदिर क्रमांक 1 में संपन्न हुई। इस आयोजन में अतिथि के रूप में महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, नगर निगम सभापति रवि जैन, क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि नितिन आहूजा, चंद्रावती जाधव पूर्व प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय, शिवनंदन प्रजापति सहायक संचालक शिक्षा, अजय सोलंकी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बगाना,



सावन पाटीदार सहायक संचालक शिक्षा, श्री जाट विकासखंड शिक्षा अधिकारी कन्नौद की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही। इस प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम आने वाली टीम 25 सितंबर को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रदेश के पर्यटन से परिचित कराना है। क्विज मास्टर लोकेश सांवलिया ने बताया कि परीक्षा के पहले जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों से विद्यार्थियों का पंजीयन करवाया गया था। प्रत्येक विद्यालय से एक टीम के रूप में तीन-तीन विद्यार्थियों को शामिल किया गया था। प्रतियोगिता दो चरणों में संपन्न हुई प्रथम चरण में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक लिखित प्रश्नोत्तरी परीक्षा हुई इसका मूल्यांकन दोपहर 12 से 2 तक किया गया सबसे ज्यादा अंक लाने वाली 6 टीमों को दोपहर 2 बजे से ऑडियो विजुअल प्रश्नोत्तरी में शामिल किया गया। इस प्रतियोगिता में 10 राउंड झटपट बोल, सोच समझ कर बोल, देख परख कर बोल, तौल मोल कर बोल ,क्या सही क्या गलत ,खुल जा सिम सिम, जो बोला वही सिकंदर ,अब बताओ तो जाने, पारखी नजर, एमपी में सिनेमा राउंड थे। इसमें तीन लाइफ लाइन भी उत्तर देने के लिए दी गई थी जो थी शिक्षक की शरण में, एक नहीं दो जवाब, दोस्त की मदद। प्रतियोगिता में पहले नंबर पर विजेता सरस्वती बाल विनय मंदिर बालगढ़ देवास, दूसरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलवार कन्नौद ,तीसरा शासकीय सांदीपनि मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय देवास रहे ।दूसरी टीम में उपविजेता पहले नंबर पर विजेता किंडर हायर सेकेंडरी स्कूल देवास, दूसरा शाउ मा विद्यालय कर्णावत , तीसरे नंबर पर चिमनाबाई हायर सेकेंडरी स्कूल देवास रहा। पहली तीन टीमों को पर्यटन विभाग तीन दिन दो रात का भ्रमण और दूसरी उपविजेता टीम को दो दिन एक रात का पर्यटन धरोहर का भ्रमण करवाएंगे। विजेता उपविजेता टीमों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। दुर्गेश अग्रवाल ने शुभकामना देते हुए कहा कि इसी तरह लगन और मेहनत से विद्यार्थी उपलब्धि अर्जित करते चलें ।रवि जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि टूरिज्म बोर्ड और शिक्षा विभाग का यह संयुक्त आयोजन सराहनीय है। इन आयोजनों से विद्यार्थी अपने प्रदेश की धरोहरों,पर्यटन से परिचित हो सकेंगे ।श्रीमती जाधव ने कहा कि विजेता उपविजेता के साथ साथ प्रतिभागी भी बधाई के पात्र हैं उन्होंने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। परीक्षा की व्यवस्था और कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था शिक्षक मिर्जा मूसाहिद बेग ने किया आभार अनुज जायसवाल ने माना। आयोजन में अतिथियों को स्मृति चिन्ह स्वरूप पौधे वितरित किए गए। प्रतियोगिता आयोजन में विशाल दोहरे शहरी विकास अभिकरण,एवं विद्यालय के मनोहर पटेल, प्रीति जोशी , निर्मला पवार, पम्मी नाथ, अंकिता व्यास, सुनील नायक, अंजना सोनी, सोमलता पटेल ,अंजू सोलंकी, रोशनी गुड़िया ,सुनीता भागोर, डी राजेश्वरी और राजेंद्र दुबे का विशेष सहयोग रहा।

## महाविद्यालय में साइबर सिक्योरिटी पर 15 दिवसीय ऐड-आन कोर्स का शुभारंभ

**विषय से सम्बंधित एक रोचक वीडियो क्लिप दिखाई**

**देवास।** जिले के प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविद्यालय श्री कृष्णा जी राव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं वाणिज्य संकाय के संयुक्त तत्वाधान में साइबर सिक्योरिटी विषय पर 15 दिवसीय (40 घंटे) एड-आन कोर्स आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ 2 अगस्त को महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति अध्यक्ष मनीष पारीक, विशेष अतिथि लोकेंद्र शुक्ला एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एसपीएस राणा द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य आर.एस.अनारे, प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ बी.एस. जाधव,




वाणिज्य संकाय की संकाय अध्यक्ष डॉ विद्या माहेश्वरी, राजनीति विज्ञान के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर आर.के.मराठा ने मंच साझा किया। मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पांजलि के पश्चात कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। इस कोर्स मे प्रतिदिन अलग-अलग विषय विशेषज्ञ द्वारा सहभागियों को उपयोगी जानकारी प्रदान की जाएगी। वीडियो क्लिप, केस स्टडी, ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से साइबर सिक्योरिटी एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया जाएगा। यह कोर्स पूर्णत निशुल्क है एवं विद्यार्थियों को सफलतापूर्वक कोर्स पूर्ण करने के पश्चात प्रमाण पत्र वितरित की जाएंगे। इस अवसर पर मनीष पारीक द्वारा अपने उद्बोधन में साइबर सिक्योरिटी के विभिन्न पहलुओं पर कानून के दृष्टिकोण से अवगत कराया गया तथा महाविद्यालय को उक्त आयोजन के लिए बधाई दी। डॉ राणा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विद्यार्थियों को नियमित रूप से उपस्थित रहकर इस कोर्स का लाभ लेने के लिए कहा तथा विद्यार्थियों को नियमित रूप से आई-कार्ड लगाने की बात दोहराई। विशेष विशेषज्ञ के रूप में प्रथम सत्र में उपस्थित डॉ विद्या माहेश्वरी ने पी पी टी के माध्यम से हिस्ट्री ऑफ इंटरनेट को उदाहरण सहित बताया। द्वितीय सत्र में प्रोफेसर निधि नामदेव द्वारा साइबर क्राइम के प्रकारों को उदाहरण सहित समझाया गया तथा दीपक अटडिया द्वारा विषय से सम्बंधित एक रोचक वीडियो क्लिप दिखाई गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के पूरे स्टाफ सहित विद्यार्थियों ने बड़ी रुचि से कार्यक्रम में सभागिता की। कार्यक्रम का संचालन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ मनोज मालवीय द्वारा किया गया आभार डॉक्टर बी.एस.जाधव ने माना।



## चित्रकला प्रदर्शनी सृजन का हुआ समापन

**देवास।** फाईन आर्ट में अध्ययनरत युवा चित्रकारों कि प्रदर्शनी सृजन का समापन हुआ। इस अवसर पर अतिथियों ने कलाकारों से कला चर्चा कि तथा उनके चित्रों और अन्य कलाकृतियों का अवलोकन किया। अतिथियों में शास्त्रीय गायिका संजीवनी कांत, म.प्र. ग्रामीण बैंक के पूर्व मैनेजर संदीप भटनागर व यशोधरा भटनागर, राज्य आनन्दम संस्थान कि समन्वयक डॉ. समीरा नईम व रोटरी क्लब के ए.जी. सुधीर पंडित मौजूद थे। श्री भटनागर ने कहा-भारतीय संस्कृति परम्पराओं को कला से समझना अपने आप में ही असाधारण कार्य है, यह एक कलाकार कि विशेषता है जो उसकी कला में दिखाई देती है व डॉ. समीरा नईम ने कलाकारों से चर्चा करते कहा कि हम जो कला में जो रचते हैं और क्यों? उस समझ के साथ आगे बढ़ना और साथ में पढ़ना बहुत महत्वपूर्ण होता है श्रीमती कान्त व सुधीर पंडित ने भी अपने अपने विचार रखे ।इस अवसर पर अमित पिठवे, डॉ. सोनाली चौहान, जयप्रकाश चौहान, महेंद्र सिंह सोलंकी ममता मालवीय,पारुल कांत, अमेय कांत, रोहित नंदाने, मैत्रेयी सिंह ठाकुर, कृतिका सोनी, क्रिश सुल्तानियां व कलाकार,कलाप्रेमी उपस्थित थे।

## देवास में पारंपरिक खेल पिट्टू की गूंज

**देवास।** देवास जिला पिट्ठू संघ के तत्वावधान में आयोजित अंतर विद्यालय जिला स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता में पारंपरिक खेलों के प्रति छात्रों का उत्साह देखने लायक रहा। इस प्रतियोगिता का आयोजन तुकोजीराव पवार स्टेडियम, भोपाल चौराहा पर किया गया, जहाँ देवास जिले के 12 विद्यालयों से 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। संघ के सचिव विवेक बंजारे ने बताया की प्रतियोगिता का उद्देश्य भारतीय पारंपरिक खेल पिट्ठू को नई पीढ़ी के बीच पुनर्जीवित करना और खेलों के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, समन्वय और शारीरिक सक्रियता को बढ़ावा देना रहा। आयोजन के दौरान छात्रों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। मैदान पर हर टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने विद्यालय का गौरव बढ़ाने का प्रयास किया। आयोजन स्थल पर खेल प्रेमियों और अभिभावकों की उपस्थिति ने भी प्रतियोगिता का उत्साह दोगुना कर दिया। शुभारम्भ अवसर एवं समापन अवसर पर विश्वामित्र अवार्डी सुदेश सांगते,कराते संघ सचिव प्रवीण ढोबले, विनायक एन्वेस्टमेंट से रवि गुप्ता, रिया गुप्ता,यश वंजारे,देवास जिला पिट्ठू संघ अध्यक्ष कपिल व्यास, पिट्ठू संघ उपाध्यक्ष ऋतु व्यास, आभा फाउंडेशन से आशीष राठौर,सपना रावत, पुष्पा सोलंकी, रेखा कौशल, टीम एम पी 41 से राहुल जैन, कृषि खत्री द्वारा खिलाड़ियों को पुरुस्कार प्रदान किये। देवास जिला पिट्ठू संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि भविष्य में इस प्रकार की और भी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिससे पिट्ठू जैसे पारंपरिक खेलों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाया जा सके। प्रतियोगिता को सफल बनाने में संघ के सचिव विवेक बंजारे, शिव प्रजापत,कोमल नरवरिया, महक मंसूरी, कुलदीप बरैठा, अक्षत जाधव आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संचालक करिश्मा सोलंकी ने किया एवं आभार रौशनी चौधरी ने माना। उक्त जानकारी कोषाध्यक्ष शिव प्रजापत ने दी।

**एक नजर** गायत्री परिवार का वर्षा ऋतु में दूसरा पौधारोपण अभियान, फलदार, छायादार एवं औषधिय पौधे रोपे

## पेड़ों के उपकार मानव जीवन पर अनंत, कभी ऋण नहीं हो सकते :संत माधवानन्द

**देवास ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में देशभर में बड़ी श्रद्धा और उमंग के साथ गायत्री परिवार के सृजन सैनिक पावन पुनीत वृक्ष गंगा अभियान चला रहें हैं, इसी क्रम में माता चामुंडा की पावन टेकरी पर स्थित श्री शीलनाथ धूनी परिसर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री शीलनाथ धूनी आश्रम संचालक संत श्री माधवानंद गिरीजी महाराज के सानिध्य में पौधारोपण किया गया। गायत्री शक्तिपीठ के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि गायत्री परिवार के लक्ष्मण पटेल एवं देवकरण कुमावत के नेतृत्व में टेकरी परिसर में पौधारोपण कार्य विधिवत गायत्री मंत्र के उच्चारण से संपन्न किया वही वर्षा ऋतु के मौसम में गायत्री परिवार लगातार वृक्ष गंगा अभियान को गति प्रदान कर रहा है, इसी क्रम में श्री शीलनाथ आश्रम परिसर के नीचे



वृक्ष गंगा अभियान के तहत फलदार, छायादार एवं औषधिय पौधे जिसमें शीशम, कटहल, जामुन, आम, नीम, गुलमोहर, पारस पीपल आदि पौधे रोपित किये गए। गायत्री परिवार देवास जिला युवा समन्वयक प्रमोद निहाले एवं वरिष्ठ परिजन सुभाषचंद्र जैन ने आमजन से अपील की कि इस मौसम में प्रत्येक जन को अपनी सांसों के कर्ज मुक्ति हेतु तीन पौधे अनिवार्य रूप से जरूर रोपित करना चाहिए क्योंकि मानव जीवन को जितनी ऑक्सिजन की जरूरत पड़ती है उसे तीन पौधे मिलकर तैयार करते है । पावन वृक्ष गंगा अभियान में गायत्री परिवार के परिजनों का विशेष योगदान रहा ।कार्यक्रम में गायत्री परिवार के दीपक भावसार, मंजू पटेल, सचिन मंडलोई, कामना पटेल, महेंद्रसिंह राठौड़, निर्मला चौधरी, मोहन लाल सोनी, उषा राणावत, दिलीप सोनी, शीला श्रीवास्तव, शकु परमार, राजेन्द्र सोनी आदि की उपस्थिति रही। आभार श्री शीलनाथ धुनी आश्रम संत श्री माधवानंद गिरी ने माना तथा इस पुनीत अभियान की गायत्री परिवार को बहुत बहुत बधाई दी ।

### मानव जीवन पर पेड़ों का बड़ा उपकार है

श्री शीलनाथ धूनी आश्रम संचालक संत श्री माधवानंद गिरीजी महाराज ने पौधारोपण करते समय परिजनों को वृक्ष की महत्ता बताते हुए कहा कि आज पेड़ पौधे स्वयं भगवान शिव के रूप में साक्षात् है जो कि हमारी विषैली कार्बन डाइऑक्साइड को पान करते हैं और अमृतमई ऑक्सीजन हमारे लिए छोड़ते हैं जिससे हमारा जीवन चलता है। पेड़ों का उपकार मानव जीवन पर बहुत बड़ा है, जिसका ऋण हम कभी नहीं चुका सकते इसलिए हर जनमानस को बारिश के मौसम में अपने जन्म दिवस, विवाह दिवस, अन्य मांगलिक प्रसंग या अपने पूर्वजों की स्मृति में कम से कम 11 पौधे अनिवार्य रूप से लगाना चाहिए ।